हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 10 दिसम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्रामीणों ने मचाया बवाल, रोकनी पड़ी कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र 14 से 18 दिसम्बर तक आहूत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा 24 दिसम्बर तक विधानसभा सत्र के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र अवधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय, मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। आवश्यक कार्य-अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय-चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख एवं जिला स्तर के अधिकारियों के अवकाश की स्वीकृति कलेक्टर से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान करेंगे।

### कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा का महाधिवेशन शिर्डी में

**अंबिकापुर।** भारतीय कल्चुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा का विराट महा अधिवेशन 13-14



दिसम्बर को शिर्डी में होगा। इस महाधिवेशन को लेकर बैठक आयोजित की गई। भारतीय कल्चुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल जायसवाल ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी शिर्डी महाधिवेश 2025 की तैयारियों की समीक्षा कर उन्हे नई गति प्रदान करना है जो इस वर्ष समाज के इतिहास में सबसे विशाल, सबसे भव्य और सर्वाधिक प्रेरणादायी आयोजन बनने जा रहा है। इस वर्ष आयोजन में देश के 20-22 प्रांतो के समाज के प्रतिनिधियों वरिष्ठ मार्गदशकों, महिला शक्ति, युवा शक्ति और उत्साहित सदस्यों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो चुकी है। यह आयोजन समाज की एकता संगठन और सामूहिक शक्ति का ऐसा विराट स्वरूप प्रस्तुत करेगा।

### रिपोर्ट में पैथोलॉजिस्ट के मूल हस्ताक्षर ही होंगे मान्य

**अंबिकापुर।** जिले में पैथोलेब में बिना पैथोलॉजी डॉक्टर या दूसरे जिले में निवास कर रहे डॉक्टर पैथोलाजिस्ट का स्कैंड सिग्नेचर कापी पेस्ट कर रिपोर्ट जारी करने सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी एस मार्को ने जिले में संचालित समस्त निजी नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, मेटरनिटी होम, निजी पैथोलेब, डायग्नोस्टिक सेंटर, कलेक्शन सेंटर, क्लीनिक संचालकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि संस्थान में होने वाले समस्त लैब जांच पैथोलाजिस्ट की देख रेख में संपादित हों तथा पैथोलाजिस्ट के मूल हस्ताक्षर से ही रिपोर्ट जारी किये जाये। उन्होंने कहा है कि सूचना पश्चात भी डिजिटल हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किये जाने पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी जिसकी समस्त जवाबदारी संचालक की होगी।

## जिला अस्पताल से किया गया था रिफर

# एम्बुलेंस में प्रसव, मृत बच्चे ने लिया जन्म इधर रास्ते में प्रसूता की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

**खास बात**

- परिजन ने लगाया उपचार नहीं करने का आरोप

एंबुलेंस में प्रसव के दौरान नवजात व प्रसूता की मौत हो गई। महिला को सूरजपुर जिला अस्पताल से रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया जबकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्रसूता को भी मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतिका के परिजन ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और अस्पताल से नदारद रहने के आरोप लगाए है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन महिला की स्थिति पहले से गंभीर होने की बात कही जा रही है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ग्राम लाछा निवासी 37 वर्षीया कविता पति आदित्य सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने सूरजपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। पति का आरोप है कि जिला चिकित्सालय में रात के समय चिकित्सक मौजूद नहीं थे और कुछ नर्सिंग स्टाफ के द्वारा उसे बोतल चढाने के बाद भोर के 4 बजे रिफर कर दिया गया। मरीज को रिफर करने के बाद परिजन प्रसूता को लेकर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में प्रसव पीड़ा बढने के साथ ही महिला का प्रसव हो गया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया जो मृत था। इधर परिजन प्रसूता को लेकर सुबह 6.50 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रसूता को भी मृत घोषित कर दिया। पहले गर्भ में पल रहे नवजात और फिर प्रसूता की मौत के बाद परिजन सदमे में है। मृतिका के पति का आरोप है कि रात को अस्पताल में चिकित्सक नहीं थे। रात के समय यदि महिला को उपचार दिया गया होता तो शायद जच्चा बच्चा को बचाया जा सकता था। इधर इस मामले में अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच की जा रही है।



अस्पताल में मृत महिला के साथ परिजन।

### निजी क्लिनिक को लाभ पहुंचाने का आरोप

सूरजपुर जिला अस्पताल से आनन फानन में प्रसूता को रिफर करने और जच्चा बच्चा की मौत का यह कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है जिसमें मां-बच्चे में से किसी को अपनी जान गवानी पड़ती है। लोगों का आरोप है कि जिला मुख्यालय में कई नर्सिंग होम क्लिनिक खुल गए है और इन्हें लाभ पहुंचाने के लिए अस्पताल से गंभीर प्रसुताओं को रिफर किया जाता है लेकिन सभी परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते है इसलिए वे तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल नहीं जाते है। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर जच्चा बच्चा को लेकर चलाए जा रहे अभियान का पालन नहीं किया जा रहा है जिससे प्रसूता महिलाओं की सही तरीके से जांच नहीं हो पाती है और उनकी हालत गंभीर हो जाती है। इधर सीएमएचओ का कहना है कि महिला की हालत पहले से गंभीर थी और अस्पताल में रात के समय चिकित्सक मौजूद थे।

### कराई जाएगी जांच

प्रसूता को भर्ती पीएचसी से रिफर होकर जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। महिला के शरीर में सूजन था, बीपी अधिक था और खून की कमी थी। उसकी हालत गंभीर थी इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिफर कर दिया गया था। रात को अस्पताल में डॉक्टर मौजूद थी और उन्होंने जांच के बाद रिफर किया है। जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

-डॉ. कपिल देव पैकरा
सीएमएचओ

# अमेरा खदान स्थल पहुंची कांग्रेस की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अमेरा खदान के विरोध में खूनी संघर्ष का कारण जानने पहुंची कांग्रेस की टीम, ग्रामीणों से की बात

अमेरा खुली खदान के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण के दौरान पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए खूनी संघर्ष की जांच व कारणों को जानने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित 10 सदस्यीय टीम प्रभावित ग्राम परसोडीकला पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों से बात की। इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग भी दल के साथ मौजूद थी।

जांच दल के अनुसार ग्रामीणों से चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि 3 दिसंबर को अधिग्रहण के लिए एसईसीएल और प्रशासन की कार्रवाई बिना किसी पूर्व सूचना के हुई थी। इस संघर्ष के उपरांत गिरफ्तार हुई 7 महिलाओं ने जानकारी दी कि अधिग्रहण के लिए अचानक पहुंचे पुलिस बल के पुरुषों ने खेतों में काम कर रही इन महिलाओं के साथ मारपीट कर उन्हें हटाने का प्रयास किया फिर मौजूद ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया जिससे संघर्ष की शुरुआत हुई। जांच के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह कहा कि वे अपनी जमीन एसईसीएल को नहीं देंगे। मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा मीडिया को दिये गए इस बयान को भी ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से खारिज किया कि जमीन हस्तांतरण को लेकर उनके और एसईसीएल के बीच सहमति बन गई है। बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि अमेरा के अनुभव को लेकर ग्रामीणों में एसईसीएल के प्रति अविश्वास है। वायदे के बावजूद एसईसीएल ने अमेरा में न तो नौकरी दी न ही उचित मुआवजा दिया न ही सीएसआर के मद में कोई कार्य किया। इस दौरान जंचदल के सदस्य के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, मुनेश्वर राजवाड़े, अनिमा केरकेट्टा भी मौजूद थे।

### केबिनेट मंत्री के नेतृत्व में हुई ग्रामीणों से चर्चा



ग्रामीणों से चर्चा करता कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल।

### जेल जाने वाली महिलाओं का सम्मान

संघर्ष की घटना के बाद जेल भेजी गई महिलाओं का कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग ने हार पहना कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि कांग्रेस को आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, किसान, महिला, युवा, पिछड़े, कमजोर वर्ग के हर संघर्ष में पूरी ताकत के साथ खड़े होना है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि सरकार इन वर्गों के जल जंगल जमीन को छीन उन्हें बेरोजगार बना रही है। जांच दल में शामिल विधायक जनकलाल ध्रुव ने अपने हक के लिए संघर्ष करने वाली परसोडीकला की महिलाओं को दुर्गा की संज्ञा दी।

### शांतिपूर्ण आंदोलन के साथ न्यायालय का भी रुख

कांग्रेस की जांच दल के प्रमुख पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि ग्रामीणों के हर शांतिपूर्ण संघर्ष में कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी अवगत कराया कि उनके जमीन को बचाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव इस पूरे मामले को न्यायालय में ले जाने के लिए वकीलों से विचार विमर्श कर रहे हैं। जांच दल में शामिल विधायक इंद्र शाह मंडावी ने कहा कि टीएस बाबा जब तक आपके विधायक रहते आपको परेशानी नहीं हुई। ये सरकार आपलोग के लिए नहीं हैं, ये गरीबों की नहीं सुनती है। ये अडानी और अम्बानी की रिश्तेदार है। पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ है।

# मेडिकल कॉलेज में पहली बार की गई रीनल बायप्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ ने लिया सैम्पल

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने पहली बार रीनल बायप्सी करने में सफलता हासिल की है। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने युवती का सफल ऑपरेशन कर रीनल बायप्सी के लिए सैम्पल लिया। अब इस सैम्पल को जांच के लिए दिल्ली भेजा जाएगा और उसकी के आधार पर महिला के उपचार की दिशा तय हो सकेगी।

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने 22 वर्षीया महिला का रीनल बायप्सी सफलतापूर्वक किया है। संभाग में इस तरह का ऑपरेशन पहली बार किया गया है। महिला अस्पताल में पेशाब में प्रोटीन जाने की समस्या के साथ आई थी। पेशाब में 150 मिलीग्राम तक प्रोटीन जाना एक सामान्य बात है लेकिन महिला के यूरीन में 350 ग्राम तक प्रोटीन जा रहा था। डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने बताया कि समस्या का पता लगाने के लिए पीसीआर टेस्ट कराया गया जिसमें एसएलई बीमारी का पता चला। यह एक ऑटो इम्यून डिसऑर्डर है और 15 से 45 साल तक की महिलाओं में यह कॉमन है लेकिन यह कई बार किडनी को प्रभावित करता है जिसे ल्यूपस नेफ्राईटिस कहा जाता है। यह समस्या छह चरण में होती है। ल्यूपस नेफ्राइटिस के स्टेज का पता लगाने के लिए ही बायप्सी की जरूरत थी क्यों कि बायप्सी से ही बीमारी की ग्रेडिंग की जाएगी। ग्रेडिंग के आधार पर ही दवा शुरू कर उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला का बायप्सी सफल तरीके से लिया गया है और अब इसे जांच के लिए दिल्ली भेजा जाएगा जहां सिर्फ रीनो पैथोलॉजी लैब में इसकी जांच होगी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के बढ़ने पर किडनी प्रभावित होती है और मरीज सीधे डायलिसिस पर चला जाता है।



बायप्सी लेते चिकित्सक।

### गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

**अम्बिकापुर।** आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिले में गुरू घासीदास जयंती' के अवसर पर 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान, संलग्न अहाता, एफएल 8 एवं मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने कहा है।

5 वीं पुण्यतिथि
10 दिसम्बर 2025
स्व. प्रदीप कुशवाहा
के आज 5वीं पुण्यतिथि
पर शत् शत् नमन सहित
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



स्व. प्रदीप कुशवाहा
जन्म 16.05.1993 | निर्वाण 10.12.2020
आपके साथ बीता एक-एक पल याद आता है। आज एक-एक क्षण हम सबको खलता है।
श्रद्धानवत्
प्रवीण कुशवाहा (भतीजा), काव्या कुशवाहा (भतीजी)
कृष्णा कुशवाहा (पिता जी), कुलदीप कुशवाहा, संदीप कुशवाहा
मनीष कुशवाहा (भाई) एवं समस्त कुशवाहा परिवार
फर्म - प्रदीप कुशवाहा बर्तन भण्डार, प्रदीप सब्जी मण्डी
मेन रोड सिलफिली, जिला - सूरजपुर
मो.9977373002, 8225081316

# प्रतापपुर मार्ग पर 42 किमी सड़क निर्माण हेतु 24 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- डामरीकरण के साथ होगा सीसी सड़क का निर्माण

शहर के प्रतापपुर चौक से लेकर प्रतापपुर तक एक बार फिर से सड़कों की मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा। शासन से प्रतापपुर सड़क निर्माण के लिए 24 करोड़ रुपए से अधिक की तकनीकी स्वीकृति मिल गई है। तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद अब आगे टेंडर की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।

बता दें कि अंबिकापुर के प्रतापपुर चौक रिंग रोड से प्रतापपुर तक लगभग 42 किलोमीटर तक सड़क के चौडीकरण, मजबूतीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद शासन की से निर्माण कार्यों को 7 नवंबर को निर्माण हेतु कुल 24 करोड़ 58 लाख 78 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी वहीं अब इस सड़क के निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। खास बात यह है कि इस मार्ग पर कोयला वाहनों के साथ ही शक्कर कारखान तक जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन होता है जिससे सड़क की स्थिति कई स्थानों पर खराब हो गई है। ऐसे में इस बार लोक निर्माण विभाग ने पम्पापुर केरता चौक से 16सौ मीटर तक सीसी सड़क के निर्माण की योजना बनाई गई है। सड़क पर डामरीकरण के साथ ही चिन्हांकित स्थान पर कंक्रीट का काम किया जाएगा। तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है। ऐसे में आने वाले समय में लोगों को राहत मिल सकती है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मौसम साफ, शाम होते ही ठिठुरन बढ़ी

**सोनहत।** 9 दिसंबर को सुबह बादलों के छंटने के बाद दिनभर खिली धूप रही, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली। हालांकि हल्की ठंडी हवाएं चलने से दिन में भी धूप में ठंडक महसूस होती रही। दोपहर बाद हवाएं शांत हो गईं, परंतु शाम 4 बजे के बाद ठंड का असर अचानक तेज हो गया। शाम ढलते ही तापमान में गिरावट आने से बाजार व सड़कों पर भीड़ कम नजर आई। विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को ठिठुरन के बीच सफर करने में परेशानी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी के कारण पाला पड़ने की भी जानकारी स्थानीय किसानों द्वारा दी गई है।

### जनदर्शन में प्राप्त हुए 18 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट



कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 9 दिसंबर को कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए।

### डॉ. चौहान बने प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को नई गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार गौ संरक्षण एवं संवर्धन प्रकोष्ठ की कमान अब वरिष्ठ और अनुभवी नेता डॉ. वीपीएस चौहान के हाथों में सौंप दी गई है। उनकी नियुक्ति को पार्टी में नई ऊर्जा और सशक्त नेतृत्व की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस नियुक्ति के साथ ही प्रकोष्ठ के संगठनात्मक विस्तार को गति प्रदान करने के लिए अनुराग भार्गव को भी कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह आदेश संगठन महामंत्री एवं प्रभारी डॉ. संजय कामले द्वारा जारी किया गया है। नई टीम से पार्टी को प्रकोष्ठ के कार्यों में सक्रियता और मजबूती आने की बड़ी अपेक्षा है।

### डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप 12 को

**मनेन्द्रगढ़।** वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों, अनक्लेम्ड जमा और लंबित क्लेम राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर एलडीएम सेल द्वारा 12 दिसंबर को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विशेष डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर उन सभी खाताधारकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर की तरह उभर रहा है, जिनकी मेहनत की कमाई बैंकिंग तकनीकी प्रक्रियाओं या अनजाने कारणों से वर्षों से अटकी हुई है। इस एक दिवसीय विशेष कैंप में निष्क्रिय खातों का पुनर्सक्रियण, भूली-बिसरी जमा राशि का निपटान, दावा आवेदन का सत्यापन और लंबित क्लेम का मौके पर त्वरित समाधान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा।

### दिव्यांग को मिली ट्रायसाइकिल

**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम महोरा निवासी 79 वर्षीय दिव्यांग परशुराम बैशाखी के सहारे चलने में होने वाली कठिनाइयों को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में चलना-फिरना उनके लिए अत्यंत कठिन हो गया है और उन्हें सहारे की सख्त आवश्यकता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनी और तत्काल ही समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि कार्यक्रम समाप्त होते ही परशुराम को ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन की तत्परता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है।

## अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने निकाली रैली

# वन विभाग के खिलाफ जबर्दस्त प्रदर्शन पुलिस और कांग्रेसियों में नोंक-झोक





हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आह्वान पर 9 दिसंबर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, युवाओं ने खान नर्सिंग होम के सामने ग्राउंड से विशाल रैली निकालकर डीएफओ कार्यालय मनेन्द्रगढ़ का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए वन विभाग की अनियमितताओं के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया।

घेराव के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक-झोंक तथा हल्की झड़प भी हुई, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने अपना कार्यक्रम नहीं रोका और अंततः जिला प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी के साथ ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि वन विभाग की अनियमितताओं पर तुरंत कार्रवाई नहीं होती, बैगा जनजाति के घरों को तोड़ने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होती,तो कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि बैगा जनजाति के घरों को तोड़ना वन विभाग का अमानवीय और गैर कानूनी कृत्य है। उन्होंने कहा कि आज हजारों की



संख्या में जमा जनता का यह प्रतिरोध बताता है कि अब अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि जिले के जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई और तस्करी चल रही है, लेकिन वन विभाग मात्र दिखावटी कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि लकड़ी माफियाओं को भाजपा नेताओं और मंत्री का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए यह समस्या और भयावह होती जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। अंत में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सभी मांगों पर तुरंत और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस चरणबद्ध और बड़े जनआंदोलन के लिए तैयार है, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग और उसे संरक्षण देने वाले भाजपा नेताओं की होगी। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, युवा कांग्रेसी नेता व्यंकटेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा, जिला महामंत्री राजकुमार केसरवानी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमोल सिंह, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, नगर पंचायत खोंगापनी अध्यक्ष ललिता रामा यादव, राहुल पटेल, युगांतर श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गुप्ता, मनोज शर्मा, मोती सिंह, जय प्रकाश साहू, प्रेम सिंह, देवेन्द्र पटेल, उमेन्द्र सिंह, अभिराज, अमृत सिंह, पूनम सिंह, अंकुर सिंह, रामनरेश पटेल, कोमल कांत, दीपक श्रीवास्तव, अमित पांडे, शिवांश जैन, शेफ नियाजी सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली बिल नहीं किया भुगतान, कटे कनेक्शन

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में बढ़ते बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने सख्ती दिखाते हुए विशेष अभियान चलाया। बैकुंठपुर, पटना, सोनहत और बचरापोड़ी वितरण केन्द्र क्षेत्रों में विभागीय टीमों ने बकाया राशि नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए कई कनेक्शन काटे।

- विद्युत विभाग ने चलाया अभियान

अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा ने बताया कि औद्योगिक, व्यवसायिक व घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिल भुगतान नहीं किए जाने के कारण बकाया राशि में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इस पर नियंत्रण के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 235 उपभोक्ताओं के बकाया 95,24,121 पर कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की गई, इनमें से 102 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया भुगतान कर 14,53,873 जमा किए। उन्होंने कहा कि बकाया वसूली के लिए यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, उनके घरों की शाम के समय जांच की जाएगी। यदि कोई उपभोक्ता अनाधिकृत रूप से बिजली उपयोग करते पाया गया, तो उसके विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 138 एवं 135 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के



काटे जा रहे कनेक्शन।

दौरान कार्यपालन यंत्री राजपति मिश्रा, जेई बैकुंठपुर केशव चंद्रा, जेई सोनहत संजय देवांगन, जेई पटना उमाशंकर गुप्ता, जेई बचरापोड़ी अमित वस्त्रकर सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर के नाम पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** रविवार को प्रांतीय पटवारी संघ इकाई कोतमा के द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपते हुए मांग किया गया है कि तहसील कोतमा अंतर्गत पदस्थ पटवारी सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा को बिना पूर्व नोटिस के निलंबन से व्यथित होकर समस्त पटवारी हड़ताल सोमवार से हड़ताल में जाने के लिए बाध्य हैं। सोमवार को कोतमा तहसील के समस्त पटवारी तहसील परिसर में हड़ताल करते हुए धरने में बैठ गए। पटवारियों की मांग है कि कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा 6 दिसंबर को जिला अनूपपुर अंतर्गत 3 पटवारी एवं तहसील कोतमा अंतर्गत पटवारी सत्येन्द्र कुमार विश्वकर्मा का निलंबन किया गया है।

# कांटो गांव में हाथियों ने तीन घरो को पहुंचाया नुकसान

**बैकुण्ठपुर।** वन मंडल के बिहारपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचे हाथियों के 11 सदस्यीय दल ने बीती रात्रि क्षेत्र में कई किसानों के फसलों को चट कर क्षति पहुंचाने के साथ ग्रामीणों के घरों को भी नुकसान पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार हाथियों के दल ने बिहारपुर वन परिक्षेत्र में 8 दिसबर की रात्रि में ग्राम कांटों में तीन ग्रामीणों के घर को क्षति पहुंचाने के साथ 4 किसानों के फसलों को चट कर दिए। इसके अलावा हाथियों के दल के द्वारा पशुधन एवं जनधन को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार हाथियों का दल 9 दिसंबर को वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के



वन परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत चपलीपानी कक्ष क्रमांक 852,851 तथा 853 में विचरण करते देखे गए। वन अमला हाथी प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को सतर्क रहने एवं हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाकर किसी प्रकार के छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी है। वहीं हाथियों के आने की खबर के बाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण डर के साए में रात काट रहे हैं।

# कार और पिकअप में भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के मुख्य मार्ग पर बीती रात्रि सोमवार को लगभग 8 बजे एक तेज रफ्तार कार और खड़ी पिकअप में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि कार में सवार व्यक्ति सहित किसी को भी कोई शारीरिक चोट नहीं आई।

सूत्रों के अनुसार बैकुंठपुर से सामान लेकर आई पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 8827 नेपाल गेट मुख्य मार्ग स्थित किराना दुकान के सामने खड़ी थी और उस समय माल उतारने का काम चल रहा था। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 29 एडी 8367 सुभाष नगर चौक की ओर से तेज रफ्तार में आते हुए अनियंत्रित होकर पीछे से पिकअप में जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक नशे की हालत में था और मुख्य मार्ग पर अचानक सामने आए दो बच्चों को बचाने के प्रयास में वाहन पिकअप से जा टकराया, इससे बड़ा हादसा टल गया। टक्कर में पिकअप का पिछला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। कार के बोनट का एक साइड पूरी तरह चकनाचूर हो गया। घटना के बाद स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय स्टाफ को मौके पर भेजे। कार चालक और वाहन को पुलिस द्वारा थाने ले जाया गया। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है। स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि दुकानदारों ने दुकानें सड़क तक बढ़ा ली हैं। सामान उतारने वाले वाहनों को मजबूरन सड़क पर वाहन खड़ा करना पड़ता है। इस वजह से मुख्य मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

लोगों ने नगर पालिका व प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ना कोई व्यवस्था, ना कोई निगरानी हादसा होना अब आम बात हो गई है। कल की घटना में खुशकिस्मती से जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क अतिक्रमण, नशे में ड्राइविंग और मालवाहक वाहनों की मजबूरन पार्किंग की मिलीजुली स्थिति किसी दिन बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# 19 से 25 तक कोरिया जिले में मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जनसेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा सुशासन की पहुंच हर नागरिक तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 19 से 25 दिसंबर तक जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय पहल के लिए भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों व जिलों के कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में विशेष शिविरों का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए तथा नागरिकों की शिकायतों और सेवा-संबंधी समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य है प्रक्रियाओं को सरल बनाना, सेवाओं को सुगम करना और पारदर्शिता के साथ शासन का लाभ प्रत्येक नागरिक तक



पहुंचाना। पहला चरण 11 से 18 दिसंबर के तहत अभियान से जुड़ी गतिविधियों को सरकार के पोर्टल पर मैप किया जाएगा। सुशासन से संबद्ध प्रमुख लक्ष्यों की पहचान की जाएगी, सार्वजनिक सेवाओं और शिकायत निवारण की प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा, विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण और आवश्यक तैयारियां की जाएगी। दूसरा चरण में 19 से 25 दिसंबर अवधि में प्रतिदिन जिला व तहसील मुख्यालयों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, इनमें विभिन्न प्रकार की शिकायतों और जनसेवा आवेदनों का समाधान किया जाएगा। प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे शिविरों में निपटाई गई शिकायतों की संख्या, सीपीजीआरएएमएस एवं राज्य पोर्टलों की शिकायतों के समाधान का विवरण, ऑनलाइन सेवा वितरण में जोड़ी गई नई सेवाएं, निस्तारित आवेदनों की संख्या, सुशासन की उत्कृष्ट पहलें और उनसे जुड़ी तस्वीरें, शिकायतों के समाधान की सफलता कहानियां, 23 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रसार कार्यशाला का संपूर्ण विवरण। शासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पोर्टल पर अपलोड होने वाले ऑकड़े यह बताएंगे कि जिले में अभियान कितना प्रभावी रहा और किस स्तर तक अपेक्षित परिणाम प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, बिजली, पशुपालन, श्रम, पंचायत एवं आदिम जाति विकास जैसे विभिन्न विभागों को व्यापक तैयारी के निर्देश दिए हैं, ताकि सुशासन सप्ताह को जिले में सार्थक, प्रभावी और जनता के लिए उपयोगी बनाया जा सके।

# साइबर सेल की मदद से मिला गुमा मोबाइल

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के सख्त निर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के सतत मार्गदर्शन में एमसीबी जिले की साइबर टीम साइबर अपराधों की रोकथाम के साथ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निरंतर सक्रियता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में दीपक अरोड़ा पिता सुरेश अरोड़ा निवासी मनेन्द्रगढ़ द्वारा अपने वनप्लस मोबाइल फोन के गुम हो जाने की सूचना दी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 22 हजार रूपए बताई गई। सूचना मिलते ही साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ ने मोबाइल की तकनीकी जानकारी के आधार पर त्वरित जांच प्रारंभ की और आधुनिक तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की। लगातार प्रयासों के बाद साइबर सेल टीम ने गुम हुआ मोबाइल सफलतापूर्वक खोज निकाला, जिसे सभी औपचारिकताओं के बाद प्रार्थी को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर प्रार्थी ने साइबर सेल एवं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, आरक्षक राकेश तिवारी एवं आरक्षक भूपेन्द्र यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# धान खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी तक जारी रहेगी। धान खरीदी को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी लगातार समीक्षा बैठकों का आयोजन कर रही हैं। मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि समितियों को हमालों के लिए आवंटित राशि का तत्काल भुगतान कर देना चाहिए।

सहकारिता विभाग के अधिकारियों से यह भी जानकारी ली कि अब तक कितनी समितियों को कितनी राशि दी गई है। कितनी राशि हमालों को भुगतान की जा चुकी है और किन समितियों में भुगतान लंबित है। लंबित मामलों में तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि किसानों से किसी भी प्रकार की जबरन हमाली नहीं कराई जाए। यदि किसान स्वेच्छा से सहयोग करते हैं, तो उन्हें हमाली पारिश्रमिक अवश्य दिया जाए। सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धान बेचने आने वाले किसानों, वाहनों और खरीद प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक चरण की फोटो सतर्क ऐप में नियमित रूप से अपलोड करें। यह निगरानी और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेच दिया है, उन्हें रकबा समर्पण के लिए प्रेरित करें। जिले में अभी तक 40 हेक्टेयर से अधिक रकबा समर्पित किया जा चुका है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों से खरीदी केन्द्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और जोर दिया कि किसी भी केन्द्र में बफर लिमिट से अधिक धान होने पर तुरंत अधिकारियों को सूचना दें। किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। अधिक खरीदी वाले केन्द्रों में रकबा सत्यापन किया जाए और बोगस धान की संभावना पर विशेष नजर रखी जाए। कलेक्टर ने दोनों एसडीएम को निर्देश दिया कि वे निरंतर खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। पुलिस विभाग को चेकपोस्टों की जांच तेज करने तथा अन्य जिलों/राज्यों से अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# धान रकबा कटा, किसानों को नहीं मिल रहा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धान का रकबा कटने एवं टोकन कटाने में आ रही दिक्कतों को लेकर जनपद सदस्य गणेश राजवाडे के नेतृत्व में कृषकों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत कलेक्टर को सौंपकर समस्याओं का निराकरण करने की मांग की।

जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े के अलावा ग्रामीण संतोष पाल, महेन्द्र कुमार, लाल साय, लव कुमार, शिव कुमार, बंशीलाल, संजू, मोतीलाल, रामबरन, सन्नी सिंह, रामप्रसाद, रामेश्वर, पन्नालाल, संतलाल, आनंद दास, परमेश्वर, विष्णु, कृष्ण कुमार, शारदा प्रसाद, महीपत, बुधराम सहित अन्य ग्रामीणों ने



धान खरीदी केन्द्र।

हस्ताक्षरयुक्त शिकायत दिया। इसमें उल्लेख किया गया है कि वे सभी अपना धान छिन्दडॉड़ सहकारी समिति में पूर्व वर्षो से ही बेचते आ रहे हैं, परंतु इस वर्ष धान बेचने में उन्हें भारी कठिनाई हो रही है। हम लोगों द्वारा सहकारी समिति से खाद बीज एवं नगद राशि ऋण लेकर कृषि कार्य किए हैं, ऐसी स्थिति में हम लोग अपना लिए गए ऋण को भी पटना मुश्किल हो जाएगा। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि धान खरीदी लिमिट छिन्दडॉड़ सहकारी समिति से 900 क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसे पूर्व वर्षो की भॉति 3500 से 3000 प्रति दिन किया जाए। नया पंजीयन एवं संशोधन का विकल्प अभी भी समिति स्तर से विलोपित दिख रहा है। पत्र में उल्लेख कर बताया कि इस संबंध में दिनांक बीते 4 से 15 दिसंबर तक का कार्य होना शासन द्वारा सुनिश्चित था ,परंतु आज दिनांक तक कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने शिकायत में उल्लेख किया है कि रकबा सुधार करवाने में भी राजस्व भूमि में भारी परेशानी हो रही है तथा टोकन कटाने में सर्वर के नहीं चलने के कारण हम सभी कृषक परेशान है। समस्याओं को लेकर उचित समाधान शीघ्र कराने की मांग की।

### जिपं सीईओ ने विभागीय योजनाओं का किया समीक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के अमृतधारा स्थित जिला संसाधन केन्द्र सभागार में मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक का नेतृत्व किया। जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों की धरातली प्रगति पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में जियो टैगिंग समय पर अपडेट हो, स्थल चयन में भू-सत्यापन का विशेष ध्यान रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण न किया जाए। सीईओ ने कहा कि योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना निर्माण की गुणवत्ता और समय-सीमा का पालन है।

# परीक्षा पे चर्चा 2026 का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह इस कार्यक्रम का 9 वां सांस्करण होगा और इसमें प्रतिवर्ष की भॉति प्रधानमंत्री राज्यों से चयनित बच्चों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब देंगे। इस कार्यक्रम में सभी प्रकार के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6-12 के विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं पालकों को पोर्टल में जाकर प्रश्न पूछने के अवसर सुलभ करवाए गए हैं।

इस प्रतियोगिता की शुरूआत 1 दिसंबर 2025 एवं अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 रखी गई है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा वेबसाइड में प्रश्नों को अपलोड करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस पोर्टल में प्रवेश करने पर आपको अभी भाग लें पीपीसी 2026 और पुरस्कारों के बारे में जरूरी तारीखे वात्सेप्प चेनल से जुड़ने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। आप अपने सवाल 500 शब्दों के भीतर बनाकर रखें। प्रतियोगिता में शामिल होने के कक्षा 6 एवं 12 वीं के विद्यार्थी स्वयं अपने संसाधन से दूसरी विकल्प ऐसे विद्यार्थियों के लिए जिजनके पास इंटरनेट, ईमेल आईडी या मोबाइल की सुविधा नहीं है वे शिक्षक लॉग इन के माध्यम से तीसरा विकल्प शिक्षकों के एवं चौथा विकल्प पालकों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

## खबर संक्षेप



### विद्युत विस्तार के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन करने मांगी अनुमति

**बिहारपुर।** क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में बार-बार सर्वे करने की खानापूर्ति करने एवं विद्युत विस्तार नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की अनुमति मांगी है। सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक गांव विद्युत विहीन हैं। विद्युत विस्तार के नाम पर विभाग कई बार सर्वे करा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्रेडा द्वारा गांवों में लगाए गए 70 फीसदी सोलर पॉवर प्लांट महीनों से बंद बड़े हैं जिससे खेती-किसानी, बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में शांतिपूर्वक जनतांत्रिक तरीके से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

### बाल विवाह के विरोध में छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**रजपुरीकला।** एक्सेस टू जस्टिस की टीम सक्रिय अभियान अंतर्गत लखनपुर ब्लॉक स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों में बाल विवाह के विरोध में जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए और बाल अधिकार संरक्षण का संदेश दिया। रैली लखनपुर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करने के पश्चात वापस विद्यालय में आकर संपन्न हुई। इस दौरान संस्था के जिला समन्वयक अनिल कुमार, संगीता, खलखो, शशि तिर्की सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### गायत्री मंदिर में हुई छत्तीसगढ़ मानस संगठन बैठक



**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ मानस संगठन की प्रथम बैठक रविवार को गायत्री मंदिर में किया गया। बैठक में जिले व तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सामूहिक वंदना से की गई। इसके पश्चात संगठन के उद्देश्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम में तीन प्रमुख संकल्प लिए गए जिसमें पहला विद्यार्थियों में संस्कारात्मक शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना, दूसरा जिन गांवों में रामायण मंडली सक्रिय नहीं है वहां नई टीम बनाकर सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करना,तीसरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना शामिल है। बैठक में जिला व तहसील स्तरीय पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए और संगठन को मजबूत बनाने हेतु सुझाव भी रखे। सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि आगामी दिनों में गांव-गांव पहुंचकर सांस्कृतिक जागरण और समाज सेवा के कार्यों को गति दी जाएगी। जिला स्तरीय बैठक में बृजमोहन साहू, राधेश्याम कुशवाहा, रुक्मणी सिंह, राम यादव, विजय कुमार यादव, सुनील कुमार कुशवाहा, दिनेश कुमार यादव, तारा यादव, संत कुमार साहू, सीमा सिंह टेकाम, शिव चन्द राजवाड़े, टेकमन राजवाड़े, उपेन्द्र सिंह, बलिराम यादव, परमेश्वर यादव, मनोहर सोनी, सूरज प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

### गौवंश तस्करी के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एनएच किनारे सेमरसोत जंगल में 17 जुलाई को एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। सड़क हादसे की सूचना पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पिकअप क्रमांक जेएच 07 एम 8499 में 6 रास भैंस को ठूंस ठूंसकर भरा गया था और एक भैंस की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 4,6,10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद झारखंड के गढ़वा मानपुर निवासी रोजुद्दीन अंसारी आ. उस्मान अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी गौवंश की तस्करी का काम करता है। आरोपी रोजुद्दीन अंसारी थाना बलरामपुर के अन्य पशु तस्करी संबंधी अपराध में भी पूर्व से फरार था। पुलिस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शासकीय भूमि में बने 9 मकानों को ढहाने पहुंची थी टीम

# अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्रामीणों ने मचाया बवाल, रोकनी पड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब शासकीय भूमि में पीढ़ियों से निवासरत ग्रामीणों का घर ढहाने जेसीबी लेकर पहुंच गई तथा घरों को ढहाने लगी। ग्रामीणों द्वारा हंगामा मचाने से स्थिति तनावपूर्वक हो गई। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकनी पड़ी।

**खास बातें**
- ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन से मची अफरा-तफरी
- 3 घरों को ढहाने के बाद रूकी कार्रवाई

रामचन्द्रपुर पुलिस थाना के निकट संचालित कन्या छात्रावास से सटी शासकीय भूमि विशेष समुदाय के 9 परिवार लम्बे समय से घर बनाकर रह रहे है। मंगलवार को सुबह तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला पुलिस बल एवं जेसीबी लेकर पहुंचा एवं ग्रामीणों को तत्काल अपना सामान बाहर निकालने तथा अवैध अधिग्रहण को हटाने का निर्देश दिया। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की घेराबंदी से परेशान ग्रामीण कुछ कर पाते कि टीम ने घरों को ढहाना शुरू कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। प्रशासनिक टीम 3 घरों को ढहा पाई थी कि बड़ी संख्या में ग्रामीण स्थल पर पहुंच गए तथा प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर रामंच्रदपुर-सनावल-रामानुजगंज मार्ग से आवागमन बाधित कर दिया। प्रभावितों ने तहसीलदार पर मनमानी करने एवं नोटिस दिए बिना घरों को ढहाने का आरोप लगाया जबकि अधिकारियों का कहना है कि तहसील कार्यालय द्वारा अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी की गई थी ग्रामीणों के कब्जे वाली शासकीय भूमि में छात्रावास निर्माण प्रस्तावित है।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### घेर लिया तहसीलदार को

प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को घेर लिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तथा ग्रामीणों को समझाइश देकर सुरक्षित बाहर निकला। इस दौरान तनाव बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया। उपस्थित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा बार-बार समझाइश देने के बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हो रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भीषण ठंड में ग्रामीणों को बेघर करने की कार्रवाई को असंवेदनशील बताते हुए ठंड समाप्त होने के बाद कार्रवाई करने की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होते देख टीम ने तीन घरों को ढहाने के बाद कार्रवाई रोक दी। अंत में प्रदर्शनकारियों को पुलिस थाना में बुलाकर अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

### गांव में तनाव

वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन उपरांत प्रशासनिक टीम वापस लौट गई है लेकिन अभी भी गांव में तनाव की स्थिति है। जिन लोगों का घर ढहाया गया है उनमें सबर हुसैन व फिदा हुसैन आ.अदीब हुसैन एवं नवरूद्दीन आ.अलाउद्दीन शामिल है। पीड़ितों ने बिना नोटिस जारी किए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई को रोक दी गई है। एसडीएम ने ग्रामीणों को तहसील कार्यालय में आवेदन देने एवं प्रशासन द्वारा आवेदनों की सुनवाई प्रमुखता पूर्वक करने के आश्वासन दिए है।

**-मनोज नौरंग**
थाना प्रभारी, रामचंद्रपुर

## जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो, विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास कुमार एक्का, प्राचार्य डॉ. एस के टोप्पो ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि जल जंगल और जमीन जनजातीय समाज की जीवन रेखा है। इसे बचाने के लिए जनजातीय समाज को काफी संघर्ष करना पड़ा है दुश्मनों से जूझना पड़ा है। जनजातीय समाज प्रकृति पूजक है और जल जंगल और जमीन की हमेशा से उन्होंने प्रकृति के रूप में पूजा की है। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में शिवनारायण भगत सचिव कल्याण आश्रम सरगुजा गंगाराम पैंकरा प्रतिनिधि कंवर समाज एवं प्रदीप नागदेव प्रतिनिधि नगेसिया समाज उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गंगाराम पैकरा ने कहा कि आदिवासी और आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक है लेकिन मौजूदा दौर में जनजातीय समाज काफी हद तक इससे दूर हो चुका है। हमे जनजातीय समाज के इस प्राचीन परंपरा को बचाये रखना है। प्रदीप नागदेव ने कहा कि नगेसिया समाज का अतीत काफी संघर्षशील एवं समृद्धशाली रहा है। ये समाज अपनी परंपरा और देश की अखंडता के लिए हमेशा अपनी कुर्बानी दी है। शिवनारायण भगत ने कहा कि जनजातीय समाज मे एक से बढ़कर एक महान व्यक्ति हुए है जो अमर है। उन्होंने संत गहिरा गुरु माता राजमोहिनी देवी के विषय मे बताते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर अच्छे कर्म करते हुए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक, पारंपरिक व्यंजन एवं पोस्टर प्रदर्शनी समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को नगद इनाम की घोषणा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. सी टोप्पो, डॉ. प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन सुनील नाग ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो शशिमा कुजूर, प्रो स्नेहलता खलखो, डॉ. रोहित बरगाह, प्रो बी आर चौहान, प्रो शीला तिर्की, प्रो सरिता देव, शारीरिक शिक्षक धीरज मिश्रा, आदेश गुप्ता समेत महाविद्यालय के कर्मचारी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## समझाइश देने पर युवकों ने वृद्ध के घर फेंका पेट्रोल बम

**अम्बिकापुर।** शहर में अब पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। ऐसे में अब असामाजिक तत्वों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि समझाइश देने वालों को न सिर्फ जान से मारने की धमकी देते है बल्कि घर पर भी हमला कर देते है। कुछ तरह का मामला सामने आया है जहां एक वृद्ध को नशे में धुत युवकों को समझाइश देना इतना महंगा पड़ गया कि नशे में धुत युवकों ने न सिर्फ वृद्ध को जान से मारने की धमकी दिया बल्कि वृद्ध के घर पर पेट्रोल बम फेंक दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार रसुलपुर निवासी मो. नसीम खान आ. स्व. फकीर मोहम्मद (60 वर्ष) 7 दिसंबर को घर जा रहा था। जैसे ही बरेज तालाब के समीप पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद 5-6 युवक गाली गलौज कर रहे थे। जिसे देख नसीन खान ने गाली-गलौज करने से समझाइश देते हुए मना कर घर जाने की बात कही। कुछ समय बाद सैय्यद सैफ अली आ. सब्बीर, मोनाजिर आ. गुलाम मुर्तजा, लाला आ. शहाबुद्दीन एवं उनके अन्य 4 साथी वृद्ध के घर के सामने आकर वृद्ध को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और घर पर पेट्रोल बम फेंके।

पेट्रोल बम फेंकने से घर की छत में आग लग गई और छत को नुकसान हुआ। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 125, 287, 288, 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शीतलहर से फिलहाल राहत की नहीं संभावना दो दिनों से पारा 5 डिग्री के निकट स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अभी भी सरगुजा में शीतलहर का प्रकोप जारी है। न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन शीतलहर पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की तेज रफ्तार सर्द हवाएं चल रही हैं जिससे कनकनी बढ़ गई है।

इस बार नवम्बर में कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद दिसम्बर का महीना शुरू होते ही पारा में गिरावट होने लगा तथा 4 दिसम्बर को पारा 4.6 डिग्री पहुंचने के साथ ही शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया। अभी भी लगातार पश्चिमोत्तर की हवाएं अपने साथ बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे वातावरण में कनकनी बढ़ गई है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर ऊपरी स्तर के बादलों की आवाजाही शुरू हुई थी। बादल एवं हवा के प्रभाव से पारा में आंशिक गिरावट भी दर्ज की गई लेकिन अभी भी न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री पर स्थिर है। दिन के तापमान में वृद्धि हुई है तथा अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। दिन में अच्छी धूप निकलने के कारण लोग राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन घरों के भीतर दिन में भी ठंड महसूस हो रही है। कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है तथा बड़ी संख्या में लोग मौसमी बीमारियों से प्रभावित है। ठंड बढ़ने के कारण अब सुबह देर तक सड़कें वीरान रह रही हैं तथा शाम ढलते ही बाहरी सड़को पर सन्नाटा छा जा रहा है। पूर्व में विक्षोभ के प्रभाव से शीतलहर से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन शीत लहर पर विक्षोभ का कोई असर नहीं दिख रहा है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीतलहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सर्द हवाओं के प्रवाह से पिछले दो दिनों से बादल छंट गए है तथा आसमान साफ हो गया है। पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चल रही हैं जिससे पाला जमना बंद हो गया है। हालांकि तापमान अभी भी सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे बना हुआ है। फिलहाल कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं होने के कारण मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक तापमान के यथावत रहने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि फिलहाल कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसके कारण आगामी दो दिनों तक तापमान में बदलाव होने की संभावना नहीं है।

### चली 20 किमी रफ्तार की हवाएं

मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की तेज रफ्तार हवाएं चल रही है। सुबह 9 बजते ही पश्चिमोत्तर की हवाएं चलनी शुरू हो जा रही हैं तथा शाम तक हवाओं का प्रवाह जारी रहा है। 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं कंपकपी बढ़ा दे रही है। शाम ढलने के बाद अधिक ठंड पड़ रही है।

## बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का अभाव कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ स्थित बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं होने से यात्रियों की परेशानी काफी बढ़ गई है। आलम यह है कि यात्री सड़क किनारे ही खड़े होकर बस का इंतजार करते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोगों ने यात्री प्रतीक्षालय की लंबे समय से मांग कर रहे है लेकिन आज तक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं हो सका। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि दैनिक रूप से आने-जाने वाले यात्रियों तथा स्कूली बच्चे प्रतीक्षालय के अभाव में बस की प्रतीक्षा सड़क किनारे एवं दुकानों के सामने खड़े होकर करते है। मुख्य मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करती है ऐसे में सड़क किनारे खड़ा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस विषय को गंभीर बताते हुए प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर में सुरक्षित, मानक अनुरूप एवं समुचित क्षमता वाला यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए। लोगों का कहना है कि यात्री प्रतिक्षालय नहीं होने के कारण बारिश, अत्यधिक धूप तथा शीतकालीन परिस्थितियों में यात्रियों, विशेषकर स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




## पुट्टी करने के दौरान हाईटेंशन तार से सटकर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** मकान में पुट्टी करने के दौरान छत के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

- अंगडाई लेने के लिए खड़े किए थे हाथ, आया तार के चपेट में

बताया जा रहा है कि दरिमा के ग्राम कंठी निवासी 27 वर्षीय बहुरन आ. ईश्वर राम 8 दिसम्बर को गांव के सूरज के साथ मजदूरी करने के लिए शहर में आया था। दोनों युवक घुटरापारा में राजेन्द्र प्रसाद सोनी के घर में पुट्टी का काम कर रहे थे। पुट्टी का काम भवन के द्वितीय तल पर चल रहा था और इसी स्थान पर छत के ऊपर से एक हाईटेंशन तार गुजरा हुआ था। काम करने के दौरान युवक बहुरन राम बैठकर पानी पीने लगा और फिर अचानक ही झटके से खड़ा हो गया। युवक ने खड़े होकर अंगडाई लेने के लिए जैसे ही हाथ ऊपर किए वह हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे हुए युवक को उपचार के लिए साथियों ने आनन फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर वृद्धा की गई जान

लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम जुडवानी निवासी हीरमनिया बाई पति स्व. नंदलाल (55 वर्ष) जिसका कुछ साल से दिमागी हालत ठीक नहीं था। गत दिन परिजन उसका इलाज कराने जडगत तुमान लेकर गए है तथा इंजेक्शन लगवाने के बाद परिजन घर लेकर आ गए। इसी बीच देर रात वृद्धा ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सवारी से भरा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, एक मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम मसनकी बेदमी घाट के समीप सवारी से भरा पिकअप दुर्घटना ग्रस्त हो गया जिससे वाहन में सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी अंतर्गत ग्राम मसनकी उपरपारा निवासी जय कुमार अंकित केसरी यहां जूता चप्पल बेचने तथा मजदूरी का काम करता था। 7 दिसंबर को अंकित केसरी के साथ ग्राम बेदमी साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को पिकअप क्रमांक जेएच 03 एसी 9956 से अंकित केसरी, प्रदुमन केसरी, सुरेन्द्र केसरी, दुर्गेश केसरी के साथ वापस आ रहे थे। चालक जैसे ही वाहन लेकर ग्राम मसनकी बेदमी घाट के समीप पहुंचा तभी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से जय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को ओडगी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार बाद इलाज हेतु जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया जहां घायलों का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पर्यावरण संरक्षण मंडल ने करंजी रेलवे कोल साइडिंग को बंद करने जारी किया नोटिस

**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे कोल साइडिंग एक बार फिर विवादों और प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में आ गई है,छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 8 दिसंबर को क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर से नोटिस जारी करते हुए रेलवे कोल साइडिंग को बंद करने की चेतावनी जारी की है,पर्यावरण विभाग ने उक्त नोटिस जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33(ए) और वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31(ए) के तहत जारी किया गया है,ज्ञात हो कि गत दिनों 5 दिसंबर को राजस्व विभाग और पर्यावरण अधिकारियों ने करंजी रेलवे कोल साइडिंग का संयुक्त निरीक्षण किया था,निरीक्षण में जो बातें सामने आईं, उन्होंने पूरे क्षेत्रीय प्रशासन को चौंका दिया है,यहां पर निरीक्षण के दौरान साइडिंग बिना वैध कंसेंट टू ऑपरेट चल रही थी,धूल नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई थी,इस लापरवाही से आसपास के गांवों में धूल प्रदूषण की समस्या बढ़ने की शिकायत लंबे समय से उठ रही थी,नोटिस में पर्यावरण बोर्ड ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि साइडिंग को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए,बिजली एवं अन्य सभी सुविधाएं तुरंत काट दी जाए। बिना वैध अनुमति के पुनः संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा,बोर्ड ने साइडिंग संचालक को 15 दिनों का समय दिया है कि वह अपनी आपत्तियां दाखिल करे और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करे,यदि तय समय में जवाब नहीं मिलता तो बोर्ड सीधे बंदी आदेश लागू कर देगा,बिजली-पानी की आपूर्ति रोक दी जाएगी और आगे कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी,स्थानीय स्तर पर इस नोटिस की खबर फैलते ही कोल परिवहन कंपनियां,वाहन मालिक,ठेकेदार और आसपास के ग्रामवासियों में सरगर्मी बढ़ गई है,यदि कोल साइडिंग पूर्ण रूप से बंद हो जाती है तो जिले में कोल डिस्पैच और सामग्री परिवहन पर बड़ा असर पड़ सकता है,पर्यावरण क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर बोर्ड ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बिना पर्यावरण अनुमति, धूल नियंत्रण और सुरक्षा मानकों के कोई भी संचालन स्वीकार्य नहीं होगी।

- 15 दिन में मांगा गया जवाब
- कोल परिवहन कम्पनी, ट्रक मालिकों की बढ़ रही मुश्किलें

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे